साहित्य अकादेमी

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत पूर्णतः वित्तपोषित स्वायत्तशासी संस्था निम्न पद हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित करती है :

पद का नाम : वरिष्ठ लेखाकार

पदों की संख्या : एक (श्रवण (बधिर) दिव्यांग के लिए आरक्षित)
(भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार सुनवाई आवृत्तियों की बातचीत की रेंज में बेहतर कान में साठ डेसीबल या अधिक की हानि)

पदस्थान : प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली

वेतनमान : लेवल 6/35400-112400 (7 सीपीसी)
(पे बैंड-II/9300-34800/ग्रेड पे -4200(6 सीपीसी))

आयु सीमा : 40 वर्ष
(भारत सरकार के नियमानुसार आयु-सीमा में छूट)

नियुक्ति का आधार : सीधी भर्ती

शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ :

अनिवार्य :

1. वाणिज्य में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि।
2. लेखांकन कार्यों में पाँच वर्षों का अनुभव।
3. सरकारी नियमों और विनियमों का ज्ञान।
4. विभिन्न प्रकार के खातों को तैयार करने की क्षमता।
5. कंप्यूटर अनुप्रयोगों का आधारभूत ज्ञान।

वांछनीय :

अंग्रेज़ी में प्रारूप तैयार करने की क्षमता।

पदस्थ को भारत में स्थित साहित्य अकादेमी के किसी भी कार्यालय में स्थानांतरित किया जा सकता है। ई-मेल द्वारा अथवा आवश्यक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

जो आवेदक केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्तशासी संस्थानों/प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थाओं में कार्यरत हैं, वे अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजें।

राष्ट्रीय वृत्ति सेवा (एन.सी.एस.) पोर्टल के तहत पंजीकृत तथा अर्हता शर्तें पूरी करने वाले अभ्यार्थी निर्दिष्ट आवेदन प्रक्रिया हेतु अकादेमी वेबसाइट देखें।

अनिवार्य योग्यताएँ पूरी करने वाले अभ्यार्थियों के ज्ञान के आकलन के लिए भाग 'अ' : सामान्य अंग्रेजी, हिंदी, सामान्य ज्ञान एवं भाग 'ब' : लेखा विधि लिखित परीक्षा का अकादेमी द्वारा निश्चित तिथि एवं समय पर आयोजन किया जाएगा। अभ्यर्थियों को दोनों भाग 'अ' व 'ब' को पास करना अनिवार्य है।

आवेदन पत्र अकादेमी वेबसाइट पर दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार पूर्ण विवरण एवं शैक्षिक/अनुभव/कार्य से संबंधित प्रमाण-पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित प्रतिलिपियों के साथ विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से तीस दिनों की समय-सीमा के अंदर सचिव, साहित्य अकादेमी, रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110001 के पते पर पहुँच जाना चाहिए। लिफ़ाफ़े पर ''वरिष्ठ लेखाकार पद हेतु आवेदन'' का उपरिलिखित होना चाहिए।

वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in

विज्ञापन सं. सा.अ.50/2/2020

प्रकाशन तिथि : 31 अक्टूबर 2020

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 30 नवंबर 2020